तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 कोण्डागांव में विधायक लता ने नवप्रवेशी बच्चों का...



12 जिला अस्पताल में डॉक्टरों का शांतिपूर्ण...



## खबर संक्षेप

### जिले को टीबी मुक्त करने निक्षय मित्र बनेःकलेक्टर

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने बस्तर जिले को टीबी मुक्त करने के लिए जिले के जनसाधारण से निक्षय मित्र बनने की अपील करते हुए कहा है कि इस पुनीत कार्य में एक कदम आगे आकर सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने अपील में कहा है कि भारत सरकार देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त किए जाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ बीते 9 सितम्बर 2022 को किया गया है। समस्त संदिग्ध टीबी मरीजों की खोज सहित जांच एवं समय पर ईलाज व सहायता प्रदाय कर जिला, राज्य व देश को टीबी मुक्त किया जाना है।

### माड़पाल में शाला प्रवेश उत्सव मनेगा आज

**जगदलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शुक्रवार को प्रातः 11 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माड़पाल में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप, अध्यक्षता विधायक किरण देव तथा विशेष अतिथि सांसद महेश कश्यप होंगे। उनके अलावा विधायक लखेश्वर बघेल, विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, महापौर संजय पाण्डे, तथा ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी समेत अन्य जनप्रतिनिधी मौजूद रहेंगे।

### बोरपदर में राम मंदिर का भूमिपूजन आज

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत बोरपदर में राम मंदिर का भूमिपूजन शुक्रवार को होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी सनातनी हिन्दू लोगों को आमंत्रित किया गया है। बताया गया कि राम मंदिर निर्माण के लिए सनातनी लोग लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। भूमि पूजन के बाद भव्य मंदिर निर्माण का काम शुरू हो जाएगा।

### 136 अभ्यर्थी ने पीएससी की दी परीक्षा

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरीश एस. के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर सीपी बघेल के दिशा-निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 26 से की जा रही है। इसमें परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा ने बताया कि पहले दिन गुरूवार को 158 दर्ज में से सुबह पाली में 136 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 22 अभ्यर्थी अनुपस्थित तथा द्वितीय पाली में 135 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, 23 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा होगी 2 जुलाई को

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर की सामान्य सभा की बैठक 2 जुलाई को मध्यान्ह 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आहूत की गई है। उक्त बैठक में सर्व सम्बंधित अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा की जानकारी सहित उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# दशहरा में रथ परिक्रमा के दौरान अब नहीं होगी विद्युत से रूकावट

## बस्तरवासियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने दी भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर दशहरा पर रथ परिक्रमा के दौरान अब विद्युत सप्लाई से रूकावट नहीं आएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के आग्रह पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दशहरा में रथ परिक्रमा में भूमिगत विद्युत तार बिछाने की स्वीकृति प्रदान किये है। किरण देव ने बस्तर वासियों की बरसों पुरानी मांग विश्व प्रसिद्ध दशहरा में रथ परिचालन क्षेत्र में भूमिगत विद्युत तार बिछाने की मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था। परिक्रमा मार्ग दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार चौक, गोल बाजार चौक, टेकरी वाले हनुमान मंदिर मार्ग, बाहर रैनी ,भीतर रैनी रथ परिचालन स्टेट बैंक चौक से सिटी कोतवाली लालबाग से कुम्हड़ाकोट क्षेत्र तक बस्तर दशहरा का रथ का परिक्रमा होता है। रथ परिक्रमा के दौरान इन मार्गों पर विद्युत सेवा बाधित होती है, जिससे रथ परिक्रमा के दौरान बस्तरवासी, पर्यटकों, व्यापारी बंधुओं को परिक्रमा के दौरान कठिनाई उत्पन्न होती है। किरण देव ने कहा बस्तरवासियों के लिए काफी हर्ष का विषय है। अब लोगों को रथ परिक्रमा के दौरान अंधेरे में रहकर देखने की आवश्यकता नहीं होगी। अब रथ परिचालन के दौरान विधुत सप्लाई चालू रहेगी।





फाईल फोटो

### कार्य जल्द प्रारंभ होगा

*रथ परिचालन को अब बस्तर वासी बिना विद्युत वाधित के आनंद ले सकेंगे। भूमिगत विद्युत तार बिछाने का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री बस्तर के विकास को लेकर संवेदनशीलता के साथ हमारी मांगों को पूरा कर रहे हैं। जिसके लिए सदैव हम उनके आभारी रहेंगे।*

## आयोजन: शासन की योजनाओं का नवविवाहित जोड़े लाभ उठाएं: सांसद

# 125 जोड़े बंधे दांपत्य जीवन में नवविवाहितों को दिया उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विधिविधान से कराया गया विवाह

जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर के मेंढका डोबरा मैदान आज एक पावन और भावनात्मक अवसर का साक्षी बना, जहाँ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 125 नवविवाहित जोड़ों ने विधिवत रूप से विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप ने नवदंपत्तियों को आशीर्वचनों से नवाजा।

सांसद श्री कश्यप ने कहा कि मां दंतेश्वरी के पवित्र प्रांगण में आज इन नवदंपत्तियों ने अपने जीवन की एक नई यात्रा प्रारंभ की है। विवाह, मानव जीवन की तीन प्रमुख कड़ियों में से एक है और शासन इसकी गरिमा बनाए रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त बना रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन के हर चरण को ध्यान में रखकर योजनाएं चला रही हैं। महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जैसी योजनाएँ राज्य की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से राज्य सरकार ऐसे परिवारों के साथ खड़ी हो रही है जो अपनी बेटियों के विवाह के समय आर्थिक तंगी से जूझते हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि सरकार की अभिभावक-समान भावना का प्रतीक है। यह नवदंपत्तियों के जीवन का सबसे सुखद क्षण है और हमें गर्व है कि ▶▶| शेष पेज 12 पर





### परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ संपन्न

कार्यक्रम के दौरान विवाह संस्कार परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुए। मंदिर परिसर में भक्ति, उल्लास और मंगल ध्वनि का माहौल बना रहा। प्रशासन की ओर से नव दंपत्तियों को विवाह सामग्री, उपहार एवं नकद सहायता भी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम मूलचंद चोपडा एवं जनप्रतिनिधिगण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# किरंदुल-बचेली चेकपोस्ट बंद कर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

- स्थानीय भर्ती की मांग को लेकर आदिवासी ग्रामीणों का प्रदर्शन

लौह नगरी किरंदुल और बचेली क्षेत्र में गुरुवार सुबह से स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने दोनों परियोजनाओं के चेकपोस्टों को बंद कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि हाल ही में एनएमडीसी द्वारा शुरू की गई एल-1 और एल-2 स्तर की भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय प्रभावित निवासियों को प्राथमिकता दी जाए। संयुक्त पंचायत के बैनर तले आयोजित इस आंदोलन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी आवाज बुलंद करते हुए रोजगार में प्राथमिकता की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खनन गतिविधियों के कारण उनकी जमीन, आजीविका और पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ा है। इस कारण परियोजना से प्रभावित परिवारों को रोजगार में वरीयता दी जानी चाहिए। ग्रामीणों को शंका है कि एनएमडीसी द्वारा घोषित 995 पदों की भर्ती प्रक्रिया में बाहरी उम्मीदवारों की भर्ती हो सकती है, जबकि वर्षों से खनन का दुष्प्रभाव झेल रहे स्थानीय युवाओं को मौका मिलना चाहिए। एनएमडीसी के प्रथम पाली में कार्य पर जाने वाले कर्मचारियों के लिए सुबह कुछ देर तक रास्ता खोला गया, लेकिन बाद में कई कर्मचारियों ने भी ग्रामीणों के समर्थन में कार्य पर जाने से इनकार कर दिया। इससे परियोजना का कामकाज काफी प्रभावित हो गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने चेकपोस्टों पर रात तीन बजे से ही अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी थी। अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

# नवजात को करैत ने डसा चिकित्सकों ने दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 97 घंटे वेंटिलेटर में रहने के बाद नवजात ने जीती जिंदगी की जंग

बीजापुर जिले के मद्देड तोयनार के रहने वाले अनिल उरसा की 11 माह की बच्ची को सोने के दौरान एक करैत सांप ने डस लिया। परिजनों ने बिना देर किए बच्ची को बेहतर उपचार के लिए बीजापुर के जिला अस्पताल ले गए। जहां से बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया। मेकाज में डॉक्टरों की टीम ने 4 दिनों तक कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को नया जीवनदान दिया। मामले की जानकारी देते मेकाज के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि 17 जून को बीजापुर जिले के मद्देड तोयनार निवासी अनिल उरसा अपनी 11 माह की बच्ची अल्पना को बेहोशी की हालत में लेकर जगदलपुर पहुंचा। उसने बताया कि 16 जून की रात को परिवार के साथ सो ▶▶| शेष पेज 12 पर



# सरकारी स्कूल में लेक्चरर पुत्र ने जमीन हड़पने मां को रखा साथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने की 10 प्रकरणों की सुनवाई

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्यगण दीपिका शोरी, ओजस्वी मंडावी, सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की। अध्यक्ष डॉ. किरणमयी की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर पर 333 वीं एवं बस्तर जिला में 9 वीं सुनवाई हुई। जिले में आयोजित जन सुनवाई में 10 प्रकरणों पर सुनवाई की ▶▶| शेष पेज 12 पर

# बस्तर तेजी से बदल रहा है : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- करितगांव में हुआ विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

बकावंड विकासखंड अंतर्गत शाउमावि करितगांव में बुधवार को विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान सायकल वितरण, पुस्तक वितरण, न्योता भोज तथा एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण भी किया गया।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि संसार में गुरुओं का स्थान सबसे उच्च है, भगवान राम अपने गुरू वशिष्ठ तथा भगवान कृष्ण गुरू संदीपनी की शिक्षा पाकर श्रेष्ठ बने। अब इन्हीं गुरुओं की शिक्षा के परिणामस्वरुप बस्तर तेजी से बदल रहा है। अब बस्तर के बीहड़ों से नक्सली नहीं अपितु डाक्टर, इंजिनियर, ऑफिसर बनकर निकल रहे हैं और बस्तर का भविष्य संवरते जा रहा है। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने स्कूल,गांव तथा बस्तर का भविष्य को गढ़ने का काम करें तथा बस्तर का नाम पूरी दुनिया में रोशन करें। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पुष्पहार से स्वागत कर,नवीन पाठ्यपुस्तक का वितरण, सरस्वती सायकल वितरण, न्योता भोज आदि प्रदान किया गया। अंत में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के ▶▶| शेष पेज 12 पर

# बस्तर गोंचा महापर्व में पूजा विधान के साथ हुआ नेत्रोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- श्रद्धालुओं ने किया भगवान श्रीजगन्नाथ सुभद्रा व बलभद्र स्वामी का दर्शन

बस्तर गोंचा महापर्व में तय कार्यक्रम के अनुसार 11 जून को देवस्नान पूर्णिमा (चंदन जात्रा)पूजा विधान के साथ बस्तर गोंचा महापर्व का आगाज हो चुका है, 12 जून से 25 जून तक श्रीजगन्नाथ स्वामी के अनसर काल में दर्शन वर्जित था। दर्शन वर्जित अवधि में श्रीजगन्नाथ मंदिर में स्थित मुक्ति-मण्डप में स्थापित भगवान श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी के विग्रहों को श्रीमंदिर के गर्भगृह के सामने भक्तों के दर्शनाथ स्थापित कर 45 किलो के रजत आभूषणों से श्रृगार के उपरांत गुरूवार को 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के पदेन पाढ़ी-पानीग्राही ने रियासत कालीन परंपरानुसार नेत्रोत्सव पूजा विधान संपन्न करवाया।

360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व में रियासत कालीन परंपरानुसार समाज के पदेन पाढ़ी उमाशंकर पाढ़ी एवं पदेन पानीग्राही राधाकांत पानीग्राही द्वारा भगवान श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी के विग्रहों का श्रृगार ▶▶| शेष पेज 12 पर





## 3 जुलाई तक वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे 7 दिवसीय अनुष्ठान

# मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- छिंद पेड़ के स्थान पर बना मां छिंदवाली श्री महाकाली मंदिर

मां छिंदवाली श्री महाकाली सेवा समिति द्वारा मोतीतालाब पारा स्थित महाकाली मंदिर में रथ यात्रा के विशेष अवसर पर 27 जून से 3 जुलाई तक सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया गया है। यह महत्वपूर्ण अनुष्ठान श्री महाकाली मंदिर की प्रतिस्थापना के 27 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया है। संपूर्ण अनुष्ठान यज्ञ वैदिक आचार्य पं. हेमंत शर्मा और असम से आमंत्रित 11 पंडित दयाराम कटेल, अनुप शर्मा, गोविन्द घिमिरे, हरि घिमिरे, घनश्याम घिमिरे, हरेकृष्ण शर्मा, लखन दास, जय प्रकाश, हिरथ शर्मा,प्रियवर शर्मा के द्वारा विधि विधान से संपन्न होगा। उक्त बातें मां छिंदवाली श्री महाकाली सेवा समिति के अध्यक्ष एमआर निषाद, उपाध्यक्ष श्रीमती मुकुन्दनी ठाकुर, कोषाध्यक्ष हरीश साहू, सचिव कमल यादव एवं पंडित उत्तम शर्मा ने गुरूवार को मंदिर परिसर में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि यह महाकाली मंदिर जहां बना है, वहां पर एक छिंद का पेड़ हुआ करता था। वार्डवासी इस पेड़ में महाकाली का वास होने पर पूजा अर्चना करते रहे हैं और लोगों की मनोकामना भी पूरी होती थी। जब वार्डवासियों के मन में महाकाली मंदिर निर्माण का विचार आया, तभी यह पेड़ अचानक सूख गया। 29 अप्रैल 1998 को अक्षय तृतीया के दिन मंदिर में महाकाली की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। तब से यह मंदिर हजारों भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। विगत 27 वर्षों ▶▶| शेष पेज 12 पर



### महायज्ञ के मुख्य यजमान

इस पंचकुंडीय रूद्र चंडी महायज्ञ के मुख्य यजमान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर राजेंद्र धीवर, जिला पंचायत सदस्य रायपुर हरि शंकर निषाद, जगदलपुर के नितिन तिवारी, पुखराज राठी, डॉ. व्हीएल सोनी, वैदिक चंदन कारिया और श्रीमती विजयलक्ष्मी वर्मा हैं। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल 3 जुलाई को महायज्ञ में शामिल होंगे।

### कलश शोभायात्रा आज

शक्रवार की सुबह 11.36 मिनट पर महादेव घाट से कलश शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए छिंदवाली महाकाली मंदिर पहुंचेगी। दोपहर 3 बजे मंडप पूजन, उसके बाद चंडिका पाठ तत्पश्चात यज्ञ में आहुतियां शुरू होगी।

# कोण्डागांव में विधायक लता ने नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन आज कोण्डागांव के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम में विधायक सहित सभी अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया, साथ ही निःशुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तकें भी प्रदान कीं। इस अवसर पर सरस्वती साइकिल योजना के तहत 20 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल भी दी गईं।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग बच्चों का सम्मान




### न्योता भोज का भी आयोजन हुआ

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने शाला प्रवेश उत्सव को जीवन का महत्वपूर्ण पल बताते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि विधायक सुश्री लता उसेंडी यहीं से पढ़कर इस मुकाम पर पहुंची हैं। उन्होंने बच्चों को रुचि के क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ मेहनत करने और हैंडराइटिंग सुधारने की सलाह दी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल और पूर्व विधायक सेवक राम नेताम ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग बच्चों को सम्मानित किया गया। अंत में न्योता भोज का आयोजन हुआ, जहाँ विधायक और कलेक्टर ने स्वयं बच्चों को भोजन परोसा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व शिक्षक उपस्थित रहे।

### *विद्यार्थियों को लर्न टुडे–लीड टुमारो का मंत्र दिया उसेंडी ने*

*विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विद्यार्थियों को लर्न टुडे–लीड टुमारो का मंत्र देते हुए बेहतर भविष्य के लिए ईमानदारी और मेहनत से आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने बच्चों को अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कहते हुए कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि ईमानदारी और मेहनत ही सफलता तक ले जाती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षकों का सम्मान करने और उनके मार्गदर्शन में पढ़ाई कर स्कूल, परिवार और जिले का गौरव बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं।*

## खबर संक्षेप

### राइस मिल से 5 नाबालिग बालिकाएं की गई रेस्क्यू



**कोण्डागांव।** जिले में स्थित मजीशा एग्रो प्रोडक्ट राइस मिल में नाबालिक बालिकाओं को कार्य पर रखे जाने की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्डलाइन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश दी। इस दौरान मिल में 5 नाबालिग बालिकाओं को कार्यरत पाया गया। यह कार्रवाई बाल श्रम निषेध कानून और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के तहत की गई। रेस्क्यू की गई सभी बालिकाओं को तत्काल बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस मामले में बालक एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत अभियोजन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। न्यायालय द्वारा उक्त 3 संस्थान को 95000 रुपए जुर्माना से दण्डित किया है। वर्ष 2025 मे धारा 12 अंतर्गत बाल श्रम निषेध सूचना का प्रदर्शन नहीं करने पर 26 संस्थान के विरुध्द अभियोजन प्रस्तुत किया गया है।

### स्टंट करने वाले एक बाइक चालक पकड़ाया



**फरसगांव।** एन.एच.30 रायपुर फरसगांव मार्ग पर एक बाइक चालक द्वारा स्पोर्टस मोटर बाइक पर खतरनाक स्टंट कर अपना वीडियो बनाया जा रहा था। वीडियोअपने इस्टांग्राम आईडी में अपलोड किया जा रहा था। जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के आदेशानुसार एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन व उप पुलिस अधीक्षक डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी कोण्डागांव एंव थाना प्रभारी फरसगांव द्वारा बाइक राइडर के इस्टांग्राम में अपलोड विडियों की जांच पडताल की गयी। जांच में पाया गया कि बाइक राइडर द्वारा पूर्व में भी ऐसे खतरनाक स्टंट के विडियों बनाकर अपने इस्टांग्राम आईडी में अपलोड किया जाता रहा है। बाइक राइडर को थाना फरसगांव से यातायात शाखा लाया गया जहां यातायात शाखा द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनेगा आज

**कोण्डागांव।** विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शुक्रवार 27 जून को कोण्डागांव विकासखण्ड स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहिकोंगा में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी द्वारा किया जाएगा।

## मांग : आंदोलनकारियों ने अस्पताल प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

# जिला अस्पताल में डॉक्टरों का शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन, ओपीडी सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर



जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने 26 जून को एकजुट होकर बाह्य रोगी विभाग ओपीडी की समस्त सेवाएं बंद कर दीं। यह निर्णय अस्पताल प्रशासन को सौंपे गए एक गंभीर पत्र के आधार पर लिया गया। जिसमें अतिरिक्त कलेक्टर के व्यवहार को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई थी।

■ अतिरिक्त कलेक्टर के व्यवहार को लेकर जताई नाराजगी

चिकित्सकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अतिरिक्त कलेक्टर ने समय-समय पर जिला अस्पताल के डॉक्टरों के साथ अपने कक्ष में दुर्व्यवहार किया। अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया और सेवा नियमों की अवहेलना करते हुए चिकित्सकों को निजी इलाज के लिए निवास पर बुलाया। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के व्यवहार से कार्यस्थल का माहौल तनावपूर्ण और असहज हो गया है।

हाल ही में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जयश्री साहू के साथ मामला घटित हुआ। जब वे अपने स्वास्थ्य कारणों से ट्रांजिट हॉस्टल के रिक्त कक्ष क्रमांक 8 के लिए आवेदन लेकर अतिरिक्त कलेक्टर के पास पहुँचीं। परंतु वहां उन्हें "दो कौड़ी के डॉक्टर" कहकर अपमानित किया गया। डॉक्टरों ने आरोप लगाया है कि एक महिला मरीज, जो खुद को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी बताती हैं, ने भी रेडियोलॉजी विभाग के कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया।

चिकित्सा समुदाय ने स्पष्ट किया है कि वे अपने आत्मसम्मान और पेशेवर गरिमा से समझौता नहीं कर सकते हैं। जब तक अतिरिक्त कलेक्टर डॉ. जयश्री साहू से लिखित और सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आपातकालीन सेवाएं भी बंद करने को विवश होंगे।

### *तख्तियों पर लिखे नारे*

*अस्पताल परिसर में आज शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें सभी चिकित्सक, स्टाफ नर्स और कर्मचारीगण शामिल हुए। उन्होंने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर "सम्मान नहीं, तो सेवा नहीं", "डॉक्टरों का अपमान, नहीं सहेगा नारायणपुर अस्पताल" जैसे नारे लगाए। इस विरोध के कारण स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो गई हैं। जिला अस्पताल में अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं कि मरीजों की इस गंभीर स्थिति के समाधान के लिए कोई त्वरित कदम क्यों नहीं उठाया गया।*

# बाजार की मांग के अनुरूप शिल्प में विविधता और नवाचार आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत अपने एक दिवसीय दौरे पर कोण्डागांव पहुँचीं। इस दौरान उन्होंने जिले के बेलमेटल शिल्पकारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव लिए।

■ छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी ने किया कोण्डागांव दौरा

श्रीमती शालिनी राजपूत सबसे पहले शबरी एम्पोरियम पहुंचीं, जहां उन्होंने शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का निरीक्षण किया और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ बाजार की मांग के अनुरूप शिल्प में विविधता और नवाचार लाना आवश्यक है। शिल्पकारों को डिजिटल माध्यम से प्रचार–प्रसार बढ़ाने और उत्पादों की बिक्री के लिए प्रदर्शनी में भाग लेने की सलाह दी गई। इसके अलावा, उन्होंने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यप्रणाली तथा सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा की। श्रीमती राजपूत ने शिल्पकारों की आय बढ़ाने और उनके बाजार पहुंच को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी पंचुराम सागर, राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी प्रदीप सागर, शब्बीर नाग, संतोष नाग के साथ ही बोर्ड मुख्यालय के मुख्य महाप्रबंधक शंकरलाल धुर्वे, कोण्डागांव प्रबंधक अनिरूध और अन्य कर्मचारी एवं शिल्पकार भी उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक विद्यालय भवन को फिर से शिक्षण कार्य के लिए सौंपने की मांग



**कोण्डागांव।** जनपद प्राथमिक शाला कोंडागांव के पूर्व विद्यार्थियों ने स्कूल भवन को पुनः शिक्षण कार्य के लिए सौंपने की माँग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जनपद प्राथमिक शाला कोंडागांव वर्ष 1911 से स्थापित एक ऐतिहासिक शिक्षण संस्था रही है। यह विद्यालय कोंडागांव क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करता रहा है। कुछ समय पूर्व इस विद्यालय के भवन को कन्या हाईस्कूल कोंडागांव के नवीन भवन निर्माण के कारण तत्कालीन प्रशासन द्वारा खाली कराया गया था। पूर्व आदेशों के अनुसार यह भवन केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव को अस्थायी रूप से सौंपा गया था। किंतु अब केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव को भवन खाली करने की सूचना दी गई है।

**भवन के गलत उपयोग पर जताई चिंता** – पूर्व छात्रों ने ज्ञापन में बताया कि यह ज्ञात हुआ है कि यह भवन अब नर्सिंग हॉस्टल कोंडागांव को सौंपे जाने की प्रक्रिया में है, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ सकता है। तीन कमरों वाले वर्तमान भवन में शिक्षा का संचालन मुश्किल है और छात्र संख्या के अनुपात में जगह की भारी कमी है। पूर्व छात्रों ने कलेक्टर से मांग की है कि जनपद प्राथमिक शाला कोंडागांव के भवन को पुनः विद्यालय संचालन हेतु जनपद प्राथमिक शाला प्रशासन को सौंपा जाए।

**ज्ञापन सौंपने के दौरान ये रहे मौजूद** – पूर्व छात्र अमन सागर, संगीत ध्रुव दीपक सुनील साहू, कान्ति साहू बृजेश ध्रुवमुस्कान बाई टेकाम प्रेमा बाई,महेश्वरी बाईमनीषा वर्मा,रिता अनिल आदि उपस्थित रहे। विधायक से पूर्व छात्र अमन सागर ने कहा कि हमारी मुख्य मांग है कि जनपद प्राथमिक शाला कोंडागांव के पुराने भवन को पुनः जनपद शिक्षण संस्थान को सौंपा जाए ताकि बच्चों को समुचित शिक्षा मिल सके।

## अचानक धरती फटी और बहने लगी जलधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

गुरुवार सुबह अजीबो गरीब घटना हुई। एक फार्म हाउस में अचानक धरती फट गई और जलधारा फूट पड़ी। आसपास के खेतों में पानी भर गया, जिससे दर्जनों किसानों को नुकसान हुआ है। इस घटना से ग्रामीण हैरान हो गए और दहशत में आ गए हैं। यह घटना बकावंड विकासखंड के ग्राम राजनगर स्थित महेंद्र चंद्राकर कृषि फार्म में 26 जून को सुबह 8 बजे घटी। फार्म हाउस के एक हिस्से की जमीन अचानक धसक गई। धरती फटने से वहां 15 फीट गहरा और करीब 8 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। गड्ढे से जलधारा निकल आई। पानी इस विशाल गड्ढे से उपर बहने लगा और फार्म हाउस के आसपास के खेतों में भरने लगा। अभी भी उस गड्ढे से पानी लगातार निकल रहा है।



लोग बताते है कि अचानक तेज पानी की फुहार आई और जमीन में करीब 15 फीट गड्ढा हो गया। क्षेत्र में 2 दिन से लगातार बरसात हो रही है। माना जा रहा है कि बारिश की वजह से यह घटना हुई है। अमूमन इस कृषि फॉर्म में मिर्ची केले अमरूद और कुछ स्थानीय सब्जियां उगाई जाती हैं। जलधारा से आसपास के खेतों में लगाई गई धान की फसल को नुकसान हुआ है। किसान चंदो चंद्राकर के खेत में मलबा जमा हो गया है और वहां लगी धान फसल को नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज आवाज के साथ जमीन धंसी और पानी निकलने लगा।

## ग्रामीणों ने लगाया आरोप, 7 बच्चों का पिता स्कूल में रसोइए को पुलिस ने मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बीजापुर जिले के भोपालपट्नम विकासखंड के नेशनल पार्क क्षेत्र का गांव ईरपागुट्टा के महेश कुड़ियम के मौत का मामला उलझ गया है। पुलिस ने मुठभेड़ में 7 नक्सलियों का शव बरामद होना कहा था। जिसमें महेश कुड़ियम को भी नक्सली बताया गया है। वहीं ग्रामीणों ने महेश को स्कूल का रसोइया और 7 बच्चों का पिता बताते हुए उसका वेतन हर माह भोपालपट्नम के बैंक में जमा होने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस नक्सली मुठभेड़ के बीच गांव का युवक महेश जो घर से मवेशी लाने के लिए निकला था, वह फंस गया। ग्रामीण कह रहे हैं कि पुलिस ने महेश को रस्सी से बांधकर जमीन में बिठाया था। बाद में उसे मार डाला गया। जब प्रेस नोट में नक्सली की पहचान में महेश का नाम 7 नक्सलियों में आया, तब गांव के युवाओं ने बीजापुर जाकर देखा महेश शामिल था। ग्रामीणों ने सीधा आरोप लगाया है कि उसे पुलिस ने मार डाला। अब गांव वाले चिंता जाहिर कर रहे है कि विधवा मां 7 बच्चों का पालन पोषण कैसे करेगी। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में 8 सदस्यों का दल गठित किया है जो गांव जाकर मृतक ग्रामीण महेश कुड़ियम के परिजनों और ग्रामवासियों से भेंटकर रिपोर्ट देंगे। उन्होंने अविलंब जांच समिति को गांव जाने को कहा है। जांच दल में विधायक लखेश्वर बघेल के अलावा विधायक बीजापुर विक्रम मंडावी, विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, छविंद्र कर्मा, नीना रावतिया , लालू राठौर और शंकर कुड़ियाम शामिल है।

■ पुलिस बरामद 7 शव को बता रही नक्सली, वहीं ग्रामीण कह रहे 6 नक्सली ,1 गांव का आदमी

■ कांग्रेस के 8 सदस्य का दल जांच करने जाएगा इरपागुट्टा गांव

### 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपए दी गई आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम पलारी निवासी बुधराम मरकाम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी राजकुमारी मरकाम को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम जामपदर निवासी रोहित की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता मंगलदई सोरी, पिता कमलुराम सोरी को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम चलका निवासी सखाराम कोर्राम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी जयमनी कोर्राम को, कोण्डागांव तहसील ग्राम बयानार सोनधर नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी रनोती नेताम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## पेज 11 के शेष

### 125 जोड़े बंधे...

हम उनकी खुशियों के साक्षी बन रहे हैं। विधायक चैतराम अटामी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विवाह दो आत्माओं का नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी मिलन होता है। उन्होंने कहा कि जीवन के इस नए अध्याय में आप दोनों हमेशा मुस्कुराते रहें, एक-दूसरे का सम्मान करें और हर परिस्थिति में एक-दूसरे का साथ निभाएं। आज यह शुभ अवसर सिर्फ आपके जीवन का ही नहीं, हम सभी के लिए भी एक सुखद स्मृति बन गया है। इस पवित्र बंधन के साक्षी स्वयं पृथ्वी और आकाश हैं, और हम सब गवाह हैं उस प्रेम और विश्वास के जो इस रिश्ते की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रेम, समर्पण और समझदारी से भरा वैवाहिक जीवन ही सच्चे सुख का आधार होता है। ईश्वर नवदम्पति को एक सुखी, समृद्ध और सम्मानित जीवन प्रदान करें। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि आपकी खुशियों की इस घड़ी में शामिल होकर हमें गहरी खुशी हुई है। जीवन की हर महत्वपूर्ण घड़ी में राज्य शासन की योजनाएँ आपका सहयोग करेंगी। इनका लाभ उठाकर आप उज्ज्वल भविष्य की ओर सतत अग्रसर हो सकते हैं।

### किरंदुल-बचेली...

ने स्थिति पर नजर बनाए रखते हुए सभी पक्षों से संयम बरतने और शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। ग्रामीणों की स्पष्ट चेतावनी धरना स्थल पर उपस्थित नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। संयुक्त पंचायत के प्रतिनिधियों ने जल्द ही एनएमडीसी प्रबंधन व प्रशासन से वार्ता की मांग की है। एनएमडीसी प्रबंधन और प्रशासन इस मुद्दे का समाधान जल्द नहीं करेगा तो परियोजना को करोड़ों का नुकसान हो सकता है।

### नवजात को करैत...

रहा था कि अचानक से एक करैत सांप ने बच्ची के हाथ की उंगली में डस लिया, बच्ची की आवाज को सुन परिजनों ने सांप को देखा । बच्ची को तत्काल बीजापुर अस्पताल ले गए उसे बेहतर उपचार के लिए 17 जून को मेकाज रेफर किया गया । बच्ची को जिस समय अस्पताल लाया गया वह बेहोश थी। बच्ची की हालत को देखते ही उसे तत्काल वेंटिलेटर में रखा गया । जहां 4 दिनों तक शिशु वार्ड के चिकित्सकों से लेकर स्टाफ नर्स ने 24 घंटे बच्ची को निगरानी में रखा। 97 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला गया। जब बच्ची की जान बचाई गई। इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुरूप साहू के साथ डॉ. डी आर मंडावी, डॉ. तुषार, डॉ. उदित यादव, डॉ. सायली, डॉ प्रियंका, डॉ. दिवाकर, डॉ. पवन, डॉ. अपूर्व के अलावा स्टाफ नर्स आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सर्पदंश में ना करें लापरवाही-** डॉ. साहू ने कहा कि कहीं भी अगर कोई सर्पदंश का शिकार होता है तो उसे पास के पीएचसी, सीएचसी के अलावा स्वास्थ्य केंद्र या फिर नजदीकी किसी अस्पताल में उपचार कराने ले जाना चाहिए। सर्पदंश के शिकार को तत्काल ईलाज की जरूरत पड़ती है। इसमें थोड़ी सी भी देरी जानलेवा बन जाती है। इस बच्ची के परिजनों ने तत्काल अस्पताल लाकर बढ़यि काम किया है इसलिए बच्ची को हम बचा सके।

### सरकारी स्कूल में...

गई। आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में दोनो पक्षों के मध्य संपत्ति विवाद का मामला था। जिसको लेकर घरेलू हिंसा का प्रकरण न्यायालय में शुरू हो चुका है। एक शौचालय के विवाद के कारण उभय पक्ष समझौता करने को तैयार नहीं है अतः प्रकरण नस्ती बद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने जो शिकायत आवेदन लगाया था, उस पर अनावेदक का पक्ष लिया गया कि दोनो के मध्य विवाद जैसा कोई प्रकरण नहीं था। अतः समझाइश के बाद आवेदिका ने प्रकरण वापस लिया। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका 90 वर्षीया वृद्ध महिला है, वह नीचे परिसर में गाड़ी में बैठी है। उसका बड़ा पुत्र उपस्थित, जो शा. हा. स्कूल बंलाजी में भूगोल का लेक्चरर है, वह उपस्थित हुये। अनावेदक आवेदिका का छोटा बेटा है, जो खेती किसानी करता है। वह शुरू से आवेदिका को अपने साथ रखा था। पारिवारिक संपत्ति का बटवारा में आवेदिका का सवा तीन एकड़ जमीन था और सभी पुत्र को सवा तीन एकड़ जमीन का बटवारा 2014 में हुआ था। पारिवारिक समझौते के तरह यह तय हुआ था कि जो पुत्र आवेदिका का पालन पोषण करेगा, वह अनावेदक के जिम्मे था और वह अपनी माँ की संपत्ति को उपयोग करेगा। क्योंकि यह अनावेदक अनपढ़ था। इसको जानते हुये आवेदिका के 89 वर्ष की उम्र तक अनावेदक ने उसका पालन-पोषण किया, पर आवेदिका के मझले पुत्र ने आवेदिका को अपने साथ ले आया और वर्ष 2017 में आवेदिका को बहला फुसलाकर उसके नाम की 1 एकड़ 60 डिसमिल जमीन को अपने नाम रजिस्ट्री करा लिया और गांव के मकान की जमीन को भी अपने नाम करा लिया। इससे स्पष्ट है कि आवेदिका का मंझला पुत्र शा. स्कूल में लेक्चरर है, वह आवेदिका को संपत्ति हड़प करने माँ को अपने साथ रखा है और उसी आड़ में माँ के नाम पर जो संपत्ति है और गाँव का पुश्तैनी मकान को भी अपनेनाम पर रजिस्ट्री करा लिया है। आयोग में फर्जी मामला प्रस्तुत किया है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया अनावेदक को आज के प्रकरण की निःशुल्क प्रति प्रदान की जाये ताकि वह इसे न्यायालय में प्रस्तुत कर रजिस्ट्री को शुन्य करा सके। यदि मंझला पुत्र के द्वारा पारिवारिक सुलह में विरोध किया जाता है। तो उनके शासकीय सेवा में आयोग के द्वारा निलंबन की कार्यवाही किया जा सकता है। प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

**दोनों ने सेवा से हटाने से बचने 10 हजार प्रतिमाह देना माना -** अन्य प्रकरण आवेदिका और अनावेदक क्र. 1 और 2 उपस्थित अनावेदक क्र. 1 को समझाइश दिया गया था कि वह अपने ग्यारह वर्षीय पुत्र को लेकर आयोग में उपस्थित हो । वो बहाने कर रहा है और अपने दूसरे विवाह को स्वीकार करने के बाद आवेदिका का चरित्र ध्वस्त करने का प्रयास कर रहा है। आयोग की ओर से अनावेदक क्र. 1 मुक्तांजली वाहन जगदलपुर में (ढिमरापाल मेडिकल कॉलेज) में कार्य करता है। उसके मेडिकल कॉलेज में कार्य सेवा समाप्त करने का अनुशंसा भेजा जायेगा तथा अनावेदिका 2 जो शास. कोमलदेव हॉस्पिटल में नर्स के पद पर कार्यरत है, उसकी सेवा समाप्ति की अनुशंसा इसलिये किया जायेगी क्योकि उसने विवाहित व्यक्ति से दूसरा विवाह किया है और आवेदिका का जीवन खराब किया है। दोनों अनावेदक ने अपनी गलती स्वीकार किया। दोनों ने प्रस्ताव दिया कि दोनो मिलकर 10,000 रुपए, दोनों बच्चों और पत्नी की परवरिश के लिये प्रतिमाह देंगे। अनावेदक क्र. 1 प्रोटेक्शन आफिसर के साथ जाकर अपने 11 वर्षिय पुत्र को आवेदिका को देगा। वो उसके सारे गहने, दस्तावेज और सामान आवेदिका को सुपुत्र करेगा तथा अपना आधार कार्ड की कापी दोनों बच्चों के समस्त दस्तावेज आवेदिका को सुपुर्द करेगा। इस बात को भी सुनिश्चित करेगा कि आवेदिका के साथ कोई भी दुर्व्यवहार न करे। इस प्रकरण से पीओ के वीनू हिरवानी को नियुक्त किया जाता हैं कि प्रतिमाह आवेदिका को भरण पोषण मा की 10 तारीख तक मिल रहा है कि नहीं सुनिश्चित करें और इस प्रकरण की नियमित देखरेख शोरी और मंडावी करेंगी। अनावेदक गणों के द्वारा कभी भी भरण पोषण में लापरवाही किये जाने पर दोनो अनावेदिकगणों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा किया जायेगा। आवेदिका को बच्चे व सामान मिलने के पश्चात प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा। आवेदिका को आर्डरशीट की निःशुल्क प्रति पीओ और आवेदिका को दिया जाता है।

### बस्तर तेजी से...

नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व डॉ सुभाउ कश्यप ने भी बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की समझाइस दी। मंच संचालन व्याख्याता राजेंद्र कलिहारी ने किया।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडे, जिला पंचायत सदस्य वनवासी मौर्य, परिश बेसरा मंडल अध्यक्ष गण पुरुषोत्तम जोशी,पीतांबर बघेल, रोहित द्विवेदी, पुलकेश्वर पांडे, जनपद सदस्य जशकेतन जोशी, नवल भारती, सरपंच गण कुसुमलता बघेल, कुमारी कश्यप, उर्मिला कश्यप,अम्बाली कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### बस्तर गोंचा महापर्व...

उपरांज नेत्रोत्सव पूजा विधान संपन्न करवाया। उन्होंने बताया कि आज नेत्रोत्सव पूजा विधान में श्रीमंदिर के बाहर भगवान श्रीजगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी भक्तो-श्रद्धालु सबसे समीप से दर्शन लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीजगन्नाथ का देवस्नान ज्येष्ठ पूर्णिमा, चंदन जात्रा पूजा विधान तिथि में 11 जून को सम्पन्नता के पश्चात 12 जून से 25 जून तक भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी का अनसर काल की अवधि में भगवान के भक्त-श्रृधालुओं को भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन से 15 दिनों तक वंचित थे। भगवान जगन्नाथ जगत के पालनकर्ता भी कहलाते हैं, अर्थात भगवान सर्वव्यापी है, जिनकी नजरों से भक्त-श्रद्धालु कभी भी वंचित नही हो सकते है, लेकिन भगवान की लीला से भक्त-श्रद्धालु अनसर काल के दौरान 15 दिनों तक भगवान के दर्शन से वर्जित हो गए। इतने दिनों तक भगवान के दर्शन से वर्जित होने से भक्तो-श्रद्धालुओं के लिए भगवान श्रीजगन्नाथ के सुदर्शन चक्र के रक्षा सूत्र से विलग होने जैसे व्याकुलता को दूर करने के लिए भगवान जगन्नाथ श्रीमंदिर के बाहर भक्तो-श्रद्धालुओं के नयनाभिराम हेतु भगवान का भक्तो-श्रद्धालुओं के पास आना, यह भगवान श्रीजगन्नाथ का भक्तो-श्रद्धालुओं के साथ आध्यात्मिक मिलन ही नेत्रोत्सव कहलाता है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि भगवान जगन्नाथ के श्रीमंदिर के बाहर भक्तो-श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए उपलब्धता, भगवान के भक्तों-श्रद्धालुओं से मिलन का यह अवसर या क्षण निकटतम दर्शन का पुण्य लाभ ही नेत्रोत्सव है।

### मां छिंदवाली महाकाली...

से मंदिर में सैकड़ों भक्तों के नाम पर एक अखंड ज्योत शारदीय नवरात्र पर प्रज्वलित की जाती है। इस मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ की जानी-मानी पंडवानी गायिका पंडवानी गायिका पद्मश्री विभूषित श्रीमती तीजन बाई अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। उन्होंने बताया कि महाकाली मंदिर प्रतिस्थापन के 27 वर्ष पूर्ण होने पर 27 जून से 3 जुलाई तक सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मलेरिया मुक्त अभियान के 12 वें चरण का शुभारंभ

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 12वां चरण शुभारंभ हुआ। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक घर में स्वास्थ्य कर्मी और मितानिन दीदी पहुंचकर मलेरिया जांच की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे घर पर आए स्वास्थ्य कर्मियों से अवश्य मलेरिया जांच कराएँ। मलेरिया रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर चिकित्सक के अनुसार गोली का पूरा डोज़ सेवन करें, घर के अंदर और आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और घर के अंदर कीटनाशकों का नियमित छिड़काव अवश्य कराएँ।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान संचालित



**सुकमा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत आज नगर पालिका परिषद सुकमा की टीम द्वारा जिला चिकित्सालय सुकमा में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस विशेष सफाई अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सब इंजीनियर सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान अस्पताल के वार्ड, गलियारों, परिसर व आस-पास के क्षेत्रों में गहन सफाई की गई। इस दौरान झाड़ू लगाकर, कचरा एकत्र कर परिसर को स्वच्छ बनाया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही आयुष स्पेशलिटी क्लीनिक सुकमा में भी स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के प्रतिनिधियों ने कहा कि अस्पताल जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों को स्वच्छ व संक्रमणमुक्त बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से नागरिकों में जागरूकता बढ़ेगी और स्वच्छता के प्रति सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

### नशा निवारण जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं बालक बालगृह, बालिका बालगृह, समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बीजापुर एवं जिले के ग्राम पंचायतों में नशा निवारण जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रैली, निबंध प्रतियोगिता, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं गीत-संगीत के माध्यम से नियमित रूप से जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही प्रत्येक दिन नशा से दूर रहने हेतु संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधीगण, ग्राम पंचायत के सरपंच, उप संचालक समाज कल्याण कमलेश कुमार पटेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक कार्यकर्ता, फील्ड वर्कर, तथा स्कूल, कॉलेज के शिक्षणगण, एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## भावी पीढ़ी को सुरक्षा का महत्व जानना होगा: सांसद

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया संविधान हत्या दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

वर्ष 1975 में 25 जून के दिन तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में आपातकाल इमरजेंसी लगाया गया था। इसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज मुख्यालय के जिला ग्रंथालय में संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाया गया। इस दौरान जिले के मीसाबंदी और उनके परिजन को

■ एक-एक नागरिक के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे

सम्मानित किया गया, साथ ही आपातकाल पर परिचर्चा का भी आयोजन हुआ।

इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से 1975 के आपातकाल के दौर को रेखांकित किया गया। जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश सांसद तथा



क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्रंथालय के सभागार में आयोजित परिचर्चा में सांसद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है। वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार द्वारा देशवासियों पर अचानक आपातकाल घोषित कर अपने राजनीतिक हितों को साधने की कोशिश की गई। सांसद ने बताया कि इसका विरोध करने वाले जनप्रतिनिधियों, देशवासियों और मीडिया संस्थानों की आवाज को दबाया गया तथा उन्हें जेल में डाल दिया गया।

भारत जैसे लोकतंत्र और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर चलने वाला देश में 1975 में लोकतंत्र में बड़ा कुठाराघात कर आपातकाल लगाया गया था। देश में संविधान सर्वोच्च है नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का पालन का अधिकार है इसे किसी सत्तासीन को रोकने का अधिकार नहीं है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस काले सच को सामने लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को लोकतान्त्रिक मूल्यों नागरिक सुरक्षा और संवैधानिक नैतिकता की सुरक्षा का महत्व से अवगत कराना है। ताकि वे अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सचेत रहे। विधायक चैतराम अटामी ने भी आपातकाल को लोकतांत्रिक इतिहास का कलंक बताते हुए कहा कि तत्कालीन सत्ताधीशों ने अपने राजनैतिक स्वार्थों के लिए देश के जनता को अकथनीय कष्ट दिए और अब उनकी आज ऐसे ही मानसिकता के लोग लोकतंत्र को बचाने ही दुहाई देकर ओछी राजनीति कर रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि देश की पुरानी पीढ़ी ने आपातकाल का वह भयावह दौर देखा है। जहां देश के एक-एक नागरिक के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे। वर्तमान में हमें ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा आपातकाल दौर के दो मीसा बंदी वरिष्ठ नागरिक मंगला देवी परगनिया तथा राधा देवी सुराना को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर आपातकाल पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा छात्र, छात्राओं द्वारा रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम मूलचंद चोपड़ा सहित गणमान्य नागरिक व स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## समाज की एकता, संस्कृति और संगठन को मजबूती प्रदान करने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

धाकड़ समाज बस्तर संभाग की वार्षिक साधारण सभा बुधवार को समाज भवन गुचागुड़ा में संपन्न हुई। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सदस्यों एवं विभिन्न जिलों से आए समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप शामिल होकर धाकड़ समाज के संभाग कार्यालय जगदलपुर के लिए 15 लाख देने का घोषणा किया।

सभा का विधिवत शुभारंभ ग्राम सरपंच लक्ष्मी गोयल तथा धाकड़ समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़, गजेंद्र सिंह धाकड़ जनपद सदस्य बस्तर, पूर्व सरपंच धर्म सिंह गोयल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी माता, भगवान राम एवं कुल देवता बलराम हलदार के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस सभा में बस्तर संभाग के समस्त 6 जिलों से पदाधिकारी, महिला-पुरुष सदस्य, बच्चे, युवा एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में समाज के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसे समाजजनों ने हर्ष और उत्साह के साथ स्वागत किया। समाज के संगठन को और सशक्त बनाने एवं सामाजिक विकास को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया। सभा में 1910 के भोमकाल आंदोलन में शहीद हुए धाकड़ वीरों एवं उनके परिजनों को माल्यार्पण कर समाज के परगना माजिया सहित कई वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया गया। साधारण सभा में सहमति से बस्तर संभाग एवं जिला पदाधिकारी नियुक्ति किया गया। जिसमें सुकमा जिला से शशि भूषण धाकड़ निवासी अमीरगढ़ और बीजापुर जिला से दिगंबर धाकड़ को बस्तर संभाग उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया। बस्तर जिला अध्यक्ष दयानिधि धाकड़ निवासी तुरपुरा कुमारगुड़ा को जिला अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। पुरुष ,युवा वरिष्ठ महिला को शाल श्रीफल टॉवल और तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र कुमारी कविता धाकड़ पिता मनबहाल धाकड़ माता चम्पा धाकड़ जो दसवीं मे 95 प्रतिशत प्राप्त कर माता पिता गांव एवं समाज का गौरव बढ़ाया उसे समाज की और से साल श्रीफल और दो हजार पांच सौ रु. स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सभा में उपस्थित सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने यह संकल्प लिया कि समाज के एकता, शिक्षा, संस्कृति और संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु मिलकर कार्य करेंगे। सभा का समापन सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुआ।

इस अवसर पर बस्तर धाकड़ समाज के संभाग अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़, उपाध्यक्ष योगेश्वर सिंह धाकड़, संग रक्षक गिरजानंद सिंह धाकड़, दयाराम धाकड़, तारा सिंह धाकड़, बलिराम धाकड़, कमलेश धाकड़, नरपति सिंह धाकड़, अजब सिंह धाकड़, जगत सिंह धाकड़, जय कुमार धाकड़, रूपए धाकड़, प्रेम सिंह धाकड़, बोगा राम धाकड़, मगल साय धाकड़ सहित समस्त धाकड़ परिवार भारी मात्रा मे उपस्थिति थे।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए टोल फ्री नम्बर जारी

**बीजापुर।** सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एमएलबी में छात्राओं के साथ अब छात्र भी ले सकेंगे शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सन 1919 से संचालित ग्रीकसन शाला जो कालांतर में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के नाम से जाना जाने लगा में अब छात्राओं के साथ छात्र भी ले सकेंगे शिक्षा।

जानकारी देते प्राचार्या वंदना मदनकर ने बताया कि प्रारंभ से इस कन्या विद्यालय में सिर्फ लड़कियां ही पढ़ती आई हैं। अब यहां भी छात्रों को

■ महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में नई व्यवस्था

प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है। इसके चलते जगदलपुर शहर के वे बच्चे जिन्हें नगर के ब्वॉयज स्कूलों में प्रवेश नहीं मिल पाता था वह एमएलबी में अपना एडमिशन करवा सकते हैं। इतना ही नहीं आसपास के गांवों के बच्चे भी यहां प्रवेश प्राप्त कर अपनी शिक्षा पूरी कर सकते हैं। नगर के विभिन्न स्कूलों में स्थान सीमित होने की वजह से कई बच्चों को सरगीपाल, बिलोरी, आसना जैसे



दूरस्थ स्कूलों में प्रवेश ले पढ़ना पड़ता था। वर्ष 2025-26 से छात्राओं के साथ-साथ छात्रों को भी प्रवेश दिया जा रहा है।

कक्षा 6 से 12 में विभिन्न संकाय कृषि कला, विज्ञान, गणित, वाणिज्य, गृह विज्ञान पढ़कर विभिन्न क्षेत्रों मे अपना करियर बना सकते हैं। इसके अलावा एनसीसी, एनएसएस, खेल स्काउट-गाइड एवं अन्य स्कूली क्रिया कलापों का भी बच्चे लाभ उठा सकते हैं। अब एमएलबी स्कूल में भी छात्रों को प्रवेश देने के निर्णय से पालकों में खुशी है और उन्होंने इस निर्णय का स्वागत किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनवरी 2025 में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक नवा रायपुर में ली थी। बैठक में विभिन्न 20 बिंदुओं पर व्यापक चर्चा हुई थी, चूंकि जनवरी में नया शिक्षा सत्र शुरू नहीं हो पाया है। उधर 16 जून से वर्ष 2025-26 का शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है इसलिए उक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर अब कारवाई हो रही है। जगदलपुर शहर में सह शिक्षा योजना के तहत कुछ शासकीय स्कूल में छात्र और छात्राएं एक साथ पढ़ते आ रहे हैं, किंतु महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल और गीदम रोड स्थित कन्या क्रमांक 2 में लड़कों के प्रवेश की एडमिशन की अनुमति नहीं थी। अब शासन द्वारा सह शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने से कन्या क्रमांक 2 में भी लगभग 30 छात्रों ने प्रवेश ले लिया है और वे छात्राओं का साथ बैठ एक साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यार्थियों की संभावित वृद्धि को ध्यान में रखते शाला परिसर में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण भी पूर्णता की ओर है।

संस्था में पोस्ट मैट्रिक ओबीसी के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों में अभी 40 सीट रिक्त हैं।

### पशुधन विभाग ने किसानों को बटेर बांटा



**कोंटा।** शासन की महत्वपूर्ण नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों मे पशुधन विकास विभाग के द्वारा आजीविका मूलक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग सुकमा के द्वारा बुधवार के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत शामसट्टी एवं सुकमा विकासखंड के नक्सलमुक्त ग्राम पंचायत बड़ेसट्टी में ग्रामीणों को बटेर पालन हेतु बैकयार्ड कुक्कूट पालन योजनाअंतर्गत शासकीय कुक्कूट पालन प्रक्षेत्र जगदलपुर से परिवहन कर 40-40 यूनिट व्यस्क स्वस्थ बटेर दाना सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति मे वितरण किया गया।

## एनसीसी कैडेट को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के परचनपाल कन्या परिसर में बस्तर संभाग के 550 एनसीसी बालिका केडेट का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल के कैंप कमांडेंट कर्नल सी.दास गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं डिप्टी कैंप कमांडेड लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कंडपाल व सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बस्तर संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर के बालिकाएं सैन्य प्रशिक्षण ले रही हैं।

गुरुवार को जगदलपुर से पहुंचे चिकित्सा दल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स को नशे के खतरों और इसके दुष्परिणामों के बारे में



जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति के संकल्प दिलाए गए और नशीली दवाओं और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता फैलाई गई। जानकारी में बताया गया कि नशा करने से स्वास्थ्य सामाजिक और आर्थिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। इस दौरान एनसीसी कैडेट को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया और नशे में दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूक किया गया। इसके अलावा प्रथम दिन साइबर थाना के द्वारा साइबर क्राइम, बस्तर थाना के द्वारा पास्को एक्ट के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

सैन्य प्रशिक्षण में ड्रिल आर्मी भर्ती व अनुशासन में रहने की विभिन्न जानकारी प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान एनसीसी अधिकारी एएनओ व पीआई स्टाफ सहित कैडेट्स मौजूद रहे।

## बटालियन ने 180 रेडियो का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन केरिपु बल द्वारा 25 जून को ग्राम सेड़वा, थाना दरभा में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसके अन्तर्गत बटालियन द्वारा दरभा, कामानार एवं सेड़वा गांव के वृद्धजनों, युवाओं एवं महिलाओं के बीच कुल 180 रेडियों का वितरण किया गया, जिसमे सेड़वा के अलावा कामानार एवं दरभा के स्थानीय एवं ग्रामीण लोगों ने उत्साहपूर्वक सिविक एक्शन प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हरविन्दर सिंह, कमाण्डेन्ट द्वारा किया गया और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि 241 बस्तरिया बटालियन में यहाँ के स्थानीय



लोगों को भर्ती कर बनाया गया है और यह बटालियन नक्सलवाद को खत्म करने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है, साथ ही यहां के लोगों के लिए समय-समय पर विभिन्न कौशल विकास प्रोग्राम का आयोजन व दैनिक जरूरत के सामानों की वितरण की जाती रही है। 241 बस्तरिया बटालियन एक मिशाल के रूप में है जो कि आने वाली युवा पीढ़ी के लिए लाभदायक सिद्ध होगी और युवाओं के बीच देश प्रेम की भावना को कायम रखेगी। इसी कड़ी में हरविन्दर सिंह कमाण्डेन्ट-241 बस्तरिया बटालियन द्वारा गांव वासियों को संबोधित करते हुए बताया की सुरक्षा बल और स्थानीय नागरिकों के बीच आपसी संबंध बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर सिविक एक्शन प्रोग्राम किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला, उप कमाण्डेन्ट, प्रमोद कुमार सिंह, विनोद कुमार शर्मा, सविता सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट डा. बृजेश कुमार, चिकित्साधिकारी, मिस सिमरन बाला, सहायक कमाण्डेन्ट तथा निरीक्षक/जीडी विरेन्द्र कुशवाहा एवं ग्राम सेडवा, कामानार एवं दरभा के सरपंच एवं 241 बस्तरिया बटालियन के जवान मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम सेडवा, कामानार एवं दरभा के स्थानीय लोगों ने सिविक एक्शन प्रोग्राम में हिस्सा लिया एवं सामान वितरण का लाभ लिया।

## समिति की बैठक में लोकहित के विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला पंचायत सुकमा के सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विभाग के साथ जिले के विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुए। इस अवसर पर सदन में जनहित से जुड़े विषयों एवं जिले के लोगों की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्यों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा गंभीर चर्चा की गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष मंगम्मा सोयम की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक के दौरान विभागों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके अलावा इस सामान्य सभा की बैठक में उठाये गए विषयों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए कहा गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, जिला पंचायत सदस्यों के साथ जिले के सभी विभागों



के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान जिले में कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी सदन में रखी गई। वन विभाग के द्वारा विभाग अंतर्गत किए गए पौधारोपण, मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कार्य के साथ मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना और किसान मित्र योजना के प्रगति की जानकारी की जानकारी दी गई। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत ए एन सी रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना सहित स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं और आम लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इसके साथ ही प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में एडमिशन और सीट की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कृषि विभाग की योजनाओं, क्रेड़ा अन्तर्गत सौर सुजला योजना की प्रगति, जल जीवन मिशन में सोलर अधोसंरचना निर्माण, मत्स्य विभाग अंतर्गत मत्स्य सम्पदा योजना, स्वास्थ्य विभाग, उद्यानिकी विभाग पर चर्चा की गई। साथ ही महिला बाल विकास अंतर्गत आंगनबाड़ियों में दी जा रही सुविधाओं, समस्याओं और बच्चों और महिलाओं के पोषण को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जलजीवन मिशन के कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए लोगों को हर घर जल कनेक्शन प्रदान करने में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। बैठक में सर्व सहमति से विकास कार्यों और निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके पश्चात जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने सभा समाप्ति भी घोषणा की। बैठक में जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुमलता कोवासी, सर्व जिला पंचायत सदस्य के साथ साथ समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### शपथ पत्र

मैं जेकब पुत्तन मैथ्यूं आयु 49 वर्ष पिता स्व.मत्ताई कुट्टी जाति इसाई निवासी 348 मोरला घेरा आकाश नगर राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 33 जगदलपुर तह. जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. की शपथकर्ता निम्न कथन करता हूं :

1. यह कि मेरी पुत्री श्रेयशी हन्ना जेकब SHRAISHI HANNA JACOB पिता जेकब पुत्तन मैथ्यू JACOB PUTTAN MATHEW है। मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में अंकित हैं। जो कि सही हैं।
2. यह कि मेरी पुत्री श्रेयशी हन्ना जेकब SHRAISHI HANNA JACOB का आधार कार्ड क्रमांक 8336 6008 0598 है। जिसमें मेरा पुत्री का नाम SHREYASHI HANNA JACOB दर्ज हैं। जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण हैं।
3. यह कि मेरी पुत्री का सही नाम श्रेयशी हन्ना जेकब SHRAISHI HANNA JACOB पिता जेकब पुत्तन मैथ्यू JACOB PUTTAN MATHEW है। आधार कार्ड में सुधार कर सही कराना चाहता हूं । जिस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत हैं ।

शपथकर्ता

### न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर (छ.ग.)

-:: उद्घोषणा ::-

रा.प्र.क्र./ क / ब-121/ 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका जमुना कुहराम पिता/पति श्री मदनचन्द्र कुहराम जाति माड़िया निवासी ग्राम बागमोहलई वर्तमान ग्राम बागमोहलई मृत्यु ग्राम बागमोहलई जहाँ मृत्यु दिनांक 26/02/2025 को मृतक स्व. गोपाल कश्यप पिता स्व. कोसा कश्यप का मृत्यु हुआ होना बताया जाकर मृत्यु के संबंध रिस्ते आवेदिका मृतक स्व. स्व गोपाल कश्यप को पिता बताते हुए उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 02.07.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

खबर संक्षेप

## पौधरोपण कर दी गई हरितक्रांति की जानकारी




**जगदलपुर।** विकास खंड तोकापाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों को जल संरक्षण,स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता जैसे विषयों पर शिक्षित करने के उद्देश्य से हरित जीवनशैली को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया। प्राचार्य ज्योति जगत ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभारी शिक्षिका सुचिता नायडू ने सक्रिय भूमिका निभाई। क्लब की अध्यक्षता के लिए कक्षा 11वीं की छात्रा कनकदर्शी कश्यप को चयनित किया गया तथा चार अन्य विद्यार्थियों को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा,पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता ही नहीं, आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। विद्यार्थियों में प्रारंभ से ही हरित सोच विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पौधा माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया।

## किरण देव ने पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे के निधन पर शोक व्यक्त किया

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने छत्तीसगढ़ से दुनियाभर में मशहूर हुए हास्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हास्य साहित्य और चिकित्सा जगत में लोकप्रियता अर्जित कर डॉ. दुबे ने न केवल देश अपितु वैश्विक स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की भाषा, संस्कृति और जीवन दृष्टि का परचम लहराया। छत्तीसगढ़ ने अपना सच्चा माटीपुत्र खो दिया है। यह छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय क्षति है। देव ने अपने शोक संदेश में कहा कि अपने चिर परिचित अंदाज के लिए वे अलग पहचान रखते थे। स्व. डॉ. दुबे की आत्मा को चिरशांति और शोकाकुल परिजनों व साहित्यप्रेमियों को यह गहन दुःख सहन करने का सामर्थ्य प्रदान करने की प्रार्थना परमपिता परमेश्वर से की है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने उत्कल समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

# युवा नेतृत्व पूरी ऊर्जा के साथ नए सोपान तय करें : किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मेरा बचपन सुकमा में बिता और मैने उत्कल समाज के परिवारों के बीच ही पला बढ़ा हूं। इस समाज का इतिहास काफी पुराना है और बस्तर में सैकड़ों वर्षों से निवासरत है उत्कलवासी इसलिए मै भी स्वयं को इसी समाज का सदस्य मानता हूं। यह कहना था भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव का जो उन्होंने उत्कल समाज के प्रथम नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से कही।

- वरिष्ठों का सम्मान हर जगह होना चाहिए यही हमारी संस्कृति और परंपरा है : महेश

बुधवार देर शाम उत्कल भवन परिसर में आयोजित समारोह में उन्होंने निर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सैकड़ों वर्ष से उत्कलवासी बस्तर में निवासरत है और इनका ओडिशा की परम्परा व संस्कृति से गहरा नाता है। युवा नेतृत्व समाज के लिए पूरी ऊर्जा व उम्मीदों के साथ नए सोपान तय करें, जहां भी सहयोग की दरकार होगी इसके लिए मैं और हमारी सरकार सहयोग के लिए तैयार है।

कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद महेश कश्यप ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप समाज के उत्थान के लिए अपने दायित्व का निर्वहन करे जिसके लिए हम हर सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा संगठित समाज संपन्न और प्रभावशाली होता है, संगठन मे ही शक्ति निहित होती है, सामाजिक समरसता एवं संस्कृति से संगठन मजबूत होता है। समाज को जब भी सहयोग होगा आदेश करें हम पूरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि नगरपालिक निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, सुभाष वार्ड पार्षद कुबेर देवांगन और पार्षद पारुल बोथरा भी मौजूद रहीं। निगम अध्यक्ष ने समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी ओर से समाज को डेढ़ लाख रुपए इस वर्ष से देने की घोषणा करते हैं और प्रतिवर्ष इस प्रकार अपनी ओर से समाज को जो सहयोग होगा करने की घोषणा की। समाज के अध्यक्ष राजेश दास ने कहा समाज के सभी वरिष्ठ, युवा व मातृ शक्तियों के सहयोग से समाज को एक नई दिशा और ऊंचाइयों में आगे ले जाने का प्रयास करेंगे।

संचालन मनीष श्रीवास्तव व प्रीति दास ने किया वहीं आभार व्यक्त सचिव सुमित महापात्र ने किया। समारोह के दौरान विभिन्न समाजों के अध्यक्ष व पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें सिख समाज, तेलुगू, कायस्थ, कोस्टा और उत्कल समाज के अध्यक्ष राजेश दास, सचिव सुमीत महापात्र, उपाध्यक्ष द्वय मथुरा तिवारी, मनोज पट्टजोशी, कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र, संगठन सचिव रमेश नंद, सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव व कार्यालयीन सचिव अच्युत सामंत समेत समाज की मातृशक्ति और गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## बस्तर में सैकड़ों वर्षों से निवासरत है उत्कलवासी, मैं भी इसी समाज का सदस्य





### वरिष्ठ जनों का सम्मान

समाज के 22 वरिष्ठजनों-फाउंडर सदस्यों का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। इनमें श्रीनिवास दास, नरहरि दास, उमेश चंद्र दास, वीरेश बिहारी दास, कुंज बिहारी दास, सुरेंद्र महापात्र, विनायक मिश्रा, गणेश महापात्र, हरिहर प्रसाद तिवारी, राधाकांत दास, अभिमन्यु आचार्य, दामोदर सतपति, किशोर पटजोशी, त्रिपूरी दास, नरसिंह रथ, सूर्यनारायण दास, किशोर दास, श्रीरंग मिश्रा, जोगेंद्रनाथ दास, नरेंद्र नंद, हेमंत मिश्रा, गौर हरी महापात्र एवं बीके पाढ़ी थे। **चुनाव अधिकारी भी हुए सम्मानित :** इस साल उत्कल समाज के हुए चुनाव में चुनाव अधिकारी रहे लोगों का भी सम्मान किया गया। इनमें दीनबंधु रथ, प्रकाश रथ, नरेश आचार्य, राकेश दास तथा संजय तिवारी।



### मेधावी छात्रों का सम्मान

समाज के मेधावी व अन्य विधाओं में अव्वल रहने वाले होनहार बच्चों को उत्कल अलंकरण सम्मान ट्राफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मान किया गया। कु पूनम श्री आचार्य पिता रजनीश आचार्य शिक्षा, कु श्रुति महापात्र पिता अमित महापात्र शिक्षा, कु अदिति मिश्रा पिता सतीश चंद्र मिश्रा शिक्षा, प्रांजल दास पिता नरेश दास चित्रकला, आदित्य दास पिता विनोद दास शिक्षा, सूरज तिवारी पिता सुधीर तिवारी खेल, आदर्श महापात्र पिता वीरेंद्र महापात्र पावरलिफ्टिंग खेल,आयुष मिश्रा पिता सोमेश मिश्रा एमबीबीएस शिक्षा।

### पारंपरिक रीतिरिवाज से अतिथियों का स्वागत

अतिथियों का स्वागत समाज की पारम्परिक रीतिरिवाज के साथ तिलक लगाकर पुष्प वर्षा करते हुए हुलहुली व ढोल नगाड़े की धुन के साथ किया गया। अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी, माता सुभद्रा, भैरव बाबा और माता दंतेश्वरी की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का मंच पर बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अंत में समाज के लोग सामूहिक भोज में शामिल हुए।

# कमिश्नर ने किया विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने गुरुवार को बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

- शाला प्रवेशोत्सव में पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरण किया
- शत-प्रतिशत रिजल्ट लाने के लिए बेहतर अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने दिए निर्देश

किया और इन स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, सभी शाला अप्रवेशी एवं शाला त्यागी बच्चों का स्कूलों में दाखिला, शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन सहित पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण तथा मध्यान्ह भोजन संचालन का संज्ञान लिया। साथ ही ग्राम पंचायत



और शिक्षकों एवं अन्य मैदानी अमले के सहयोग से न्यौता भोज का आयोजन किए जाने कहा। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के लिए बेहतर अध्यापन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां आयोजित किए जाने कहा।

कमिश्नर ने प्राथमिक शाला आसना, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला कलचा और माध्यमिक शाला मोरठपाल का निरीक्षण किया और दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना स्थिति सहित निर्धारित कालखंड की पढ़ाई सम्बन्धी शैक्षणिक कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को निर्धारित पाठ्यक्रम की पढ़ाई करवाने सहित देश एवं प्रदेशों की सामान्य भौगोलिक जानकारी यथा देश की राजधानी, राज्यों की राजधानी, प्रमुख नदियों, प्रमुख ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों इत्यादि के बारे अवगत कराने कहा। साथ ही इस सम्बंध में बच्चों के मध्य चर्चा कर उन्हें एक-दूसरे से जानने-समझने के लिए प्रोत्साहित किए जाने कहा। कमिश्नर ने इन सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का नियमित तौर पर सुचारू संचालन किए जाने के निर्देश दिए। वहीं न्यौता भोज के लिए गांव के प्रमुख व्यक्तियों तथा पंचायत पदाधिकारियों को भी परिवार के सदस्यों के जन्मदिन या अन्य कोई मौके पर स्वेच्छापूर्वक सहयोग प्रदान करने हेतु अभिप्रेरित किए जाने कहा।

### बच्चों ने बताए नदियों के नाम

कमिश्नर ने कक्षा तीसरी एवं चौथी के बच्चों से बस्तर के प्रमुख नदियों के नाम तथा कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं से छत्तीसगढ़ के नदियों के नाम पूछा तो बच्चों ने भी त्वरित जवाब दिया। जिससे कमिश्नर ने इन सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने की समझाइश दी।

### निर्माण पूर्ण करने को कहा

प्राथमिक शाला आसना में प्रगतिरत अतिरिक्त कक्ष को सम्बंधित निर्माण एजेंसी से अतिशीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान सयुंक्त संचालक स्कूल शिक्षा संजीव श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे

## जीवन में सबसे उत्तम समय होता है छात्र जीवनः देव



**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में आज हुए वार्षिक उत्सव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुयें। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में किरण देव ने कहा छात्र जीवन बहुमूल्य समय होता है । पढ़ाई करने के साथ साथ खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा को दिखाना होता है। बस्तर का प्रथम महिला दंतेश्वरी महाविद्यालय है । यहां अध्ययनरत छात्राएं कड़ी मेहनत से पढ़ाई कर आगे बढ़ें । उन्होंने कहा महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर जल्द शासन से चर्चा कर दूर करने का प्रयास किया जायेगा। पुरस्कार पाने वाले सभी छात्रों को विधायक ने बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान डॉ बी एल झा , प्राचार्य राजीव गुहे, योगेन्द्र मोतीवाला, बबीता दीवान एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं छात्राएं उपस्थित थे। विभिन्न खेल एवं प्रतियोगिता के विजियी छात्राओं को विधायक एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कार दिया।

## महुआ से देशी दारू और टोरा से खाने का तेल...



वनवासियों के लिए वनोपज जीवन का सहारा



**जगदलपुर।** बस्तर के वनवासियों के लिए वनोपज जीवन का सहारा होता है। उनकी दैनिक उपयोग के सामान के साथ साथ हरेक जरूरतों को वन से प्राप्त उत्पाद पूरा करते है। यह समय महुआ और टोरा का है। एक ही पेड़ से निकलने वाले फुल और फल दोनों ग्रामीणों के लिए उपयोगी होते है। महुआ से देशी शराब बनाते हैं और फल टोरा से तेल निकलता है। सुकमा जिले के कोंटा ब्लाक के सुदूर कोत्ताचेरू पंचायत के गांव में टोरा फोड़कर तेल निकालने के लिए और महुआ से शराब बनाते ग्रामीण नजर आए। भेज्जी रोड पर पक्की सीमेंट कांक्रीट रोड में ग्रामीण महिला टोरा को फोड़कर सुखा रही थी। इस काम में उसके बेटे बेटियां भी सहयोग कर रही थी। हरिभूमि से चर्चा में उसने कहा टोरा बेचेंगे नही इससे तेल निकालेंगे जो सब्जी में उपयोग में आएगा। वही इसी पंचायत के एक अन्य गांव में महुआ से शराब तैयार हो रहा था। ग्रामीणों ने कहा जंगल हमारे जीवन का सहारा हैं। इसलिए पेड़ के सभी चीज जड़ , पत्ते, फल फुल काम आते हैं। *छाया : सुरेश रावल*

# पति-पत्नी मिलकर खा रहे आदिवासी बच्चों का हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में शिक्षा व्यवस्था पहले से ही बदहाल थी अब शिक्षा के मंदिर निर्माण में भी भ्रष्टाचार होने लगा है। मामला कटेकल्याण ब्लॉक के मोखपाल का है, जहां लाखों के लागत से मरम्मत हो रहे पोटाकेबिन में जमकर बंदरबांट हो रहा है। जिला पंचायत सदस्य तुलिका ने कर्मा ने बताया कि करोड़ो के लागत से मरम्मत हो रहे पोटाकेबिन और स्कूल में बीआरसी हीरालाल ओयामी द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य करवाया जा रहा है। पोटाकेबिन में बन रहे बाथरूम में इतने घटिया क्वालिटी के ईंट उपयोग में लाए जा रहे हैं, जो छूने से टूट जा रहे हैं। इस मरम्मत कार्य की खास बात यह है कि बीआरसी हीरालाल ओयामी इस कार्य में एजेंसी की भूमिका में हैं और उनकी पत्नी शीला ओयामी इस कार्य में ठेकेदार की भूमिका में है। तुलिका ने कहा कि मरम्मत कार्य की लागत करोड़ों



में हैं पर सीमेंट घटिया क्वालिटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मरम्मत हो चुके कमरों में फिर से पानी रिसने की शिकायत है,जिससे यह पता चल रहा है निर्माण कार्य की गुणवत्ता क्या है। सही मायनों में देखा जाए तो यह कहा जा सकता है यह मरम्मत कार्य सिर्फ कागजों में हो रहा है। इस मरम्मत कार्य को देखने व गुणवत्ता परखने जिले से कोई बड़ा अधिकारी नहीं पहुंचा है, जिससे मनमानी ढंग से ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है। तुलिका ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई अनियमितता सामने आई, जिसे लेकर वह जल्द उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर कार्य दूसरे ठेकेदार को देने की मांग रखेंगी। उन्होंने बताया पति-पत्नी मिलकर करोड़ो ढकारने के चक्कर में है, लेकिन इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में लगातार आदिवासी बच्चों के अधिकार का छीनने का प्रयास हो रहा है। शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है, जिससे दंतेवाड़ा जिला फिर से अंधकार मय हो रहा है। वहीं कुआकोंडा 1 में पोटाकेबिन का निर्माण कराया जा रहा है जो धीमे गति से कार्य होने के कारण अभी तक अधूरा है। यह पोटाकेबिन भी नियत समय में तैयार नहीं होने के कारण आने वाले दिनों में बच्चों को काफी परेशानी होगी। तुलिका ने कहा कि सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है पर कटेकल्याण में अब उल्टा है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स मॉल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## हायर सेकंडरी भगतसिंग स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हायर सेकेण्ड्री भगत सिंग शाला में प्रवेशोत्सव प्राचार्य विनीता बेंजामीन के निर्देशन में मनाया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की वंदना पूजन दीप प्रज्वलन के पश्चात शाला प्रवेश उत्सव की शुरुवात की गई। पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। नव आगंतुक छात्र छात्राओं का तिलक लगा कर स्वागत कर पुस्तक का सेट वितरित किया गया। साथ ही क्लास मे प्रथम द्वितीय आने वाले छात्रों को समिति के सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया, एवं एक पेड़ माँ के नाम पर सभी सदस्यों ने पौधा शाला प्रांगण में लगाया। प्राचार्य ने शाला पठन पाठन से संबंधित बातो को समिति के समक्ष



विस्तार पूर्वक रखा। संचालन व्याख्याता अनिल शुक्ला ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता किरण चौहान, चंद्रप्रकाश देवांगन, अभिराम पटेल,आशा रानी पटनायक, किरण महापात्र,अंजू रावटे,भारती नामदेव, योजना देवांगन उपस्थित थे।

# नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के प्राथमिक शाला बिजलीपारा, संकुल नेतानार में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत तिलक, चंदन लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वर्तमान जनपद पंचायत सदस्य रामाराम नाग, भूतपूर्व जनपद सदस्य मानसिंह नाग, नेतानार भूतपूर्व सरपंच सुखरा राम नाग, नेतानार संकुल समन्वयक समीर शुक्ला, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय तिवारी और संस्था के पूर्व सहायक शिक्षक सुखचंद ध्रुव रहे। उक्त विशेष अतिथिगण के साथ प्राथमिक शाला प्रधान अध्यापक राजेन्द्र मरकाम, अर्जुन कुर्रे और सम्बंधित शाला के अन्य



कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्तिथि रही। इस कार्यक्रम में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी शाला के कर्मचारियों (सफाई कर्मी एवं शिक्षकों) के कठिन परिश्रम से शाला के पोषण वाटिका में जो सब्जियां उगाई गई थी। उन सब्जियों को मध्यान्ह भोजन में खिलाने के पश्चात बाजार में विक्रय कर जो राशि, शाला को प्राप्त हुआ है। उक्त राशि से बच्चों के लिए कॉपी, पेन एवं बैग खरीदकर उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर , 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि- स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411